**Seat No. : _______________**

# XB-120

**M.A. II**

**March-2013**

## Hindi (Paper-VIII)

**(वैकल्पिक)**

**विशिष्ठ साहित्यकार (आधुनिक काल) अज्ञेय**

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 100**

१. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : ३०

(क) 'गौरा, कोई किसी के जीवन का निर्देशन करे, यह मैं सदा से गलत मानता आया हूँ, तुम जानती हो । दिशा निर्देशन भीतर का आलोक ही कर सकता है, वही स्वाधीन नैतिक जीवन है, बाकी सब गुलामी है ।'

**अथवा**

'हम अधिक से अधिक इस प्रवाह में छोटे-छोटे द्वीप हैं, उस प्रवाह से घिरे हुए भी, उससे कटे हुए भी, भूमि से बँधे और स्थिर भी, पर प्रवाह में सर्वदा असहाय भी - न जाने कब प्रवाह की एक स्वैरिणी लहर आ कर मिटा दे, बहा ले जाय, फिर चाहे द्वीप का फूल पत्ते का आच्छादन कितना ही सुंदर क्यों न रहा हो ।'

(ख) आपस में तो खींचतान होती ही रहती है, उससे कोई छोटा थोड़े ही हो जाता है । कभी हमने दबा लिया, तुम दब गए; कभी तुमने जोर मारा तो हमने पैंतरा बदल लिया । कभी हमने तुम्हारी गर्दन नाप ली, कभी तुम्हारे सामने हमने मूँछें नीची कर ली ।'

**अथवा**

मुसलमान मारेगा, तो जहाँ घर के और सब लोग गए हैं वहीं मैं भी जा मिलूँगा; और अगर हिन्दू मारेगा, तो सोच लूँगा कि यही क़सर बाकी थी - देश में जो बिमारी फैली है वह अपने शिखर पर पहुँच गई - और अब तंदुरस्ती का रास्ता शुरू होगा ।

(ग) कितनी दूरियों से कितनी बार
कितनी डगमग नावों में बैठ कर
मैं तुम्हारी ओर आया हूँ
ओ मेरी छोटी-सी ज्योति !

**अथवा**

बैठो, रहो, पुकारो-गाओ,
मेरा वैसा धर्म नहीं है;
मैं हारिल हूँ, बैठे रहना
मेरे कुल का कर्म नहीं है ।

२. ‘नदी के द्वीप’ उपन्यास चार संवेदनाओं का अध्ययन है ।’ – सिद्ध कीजिए । १५

**अथवा**

शिल्पप्रधान उपन्यास के रूप में ‘नदी के द्वीप’ की समीक्षा कीजिए ।

३. पठित रचनाओं के आधार पर अज्ञेय के काव्य संसार का परिचय दीजिए । १५

**अथवा**

आध्यात्मिक काव्य की उपलब्धि के रूप में ‘असाध्य वीणा’ काव्य का मूल्यांकन कीजिए ।

४. संक्षेप में लिखिए : २०

(१) ‘गैंग्रीन’ कहानी का शीर्षक ।

**अथवा**

‘जय-दोल’ कहानी का परिवेश ।

(२) ‘जीवन-शक्ति’ कहानी में जिजीविषा ।

**अथवा**

हीली बोन का चरित्र ।

(३) ‘चिड़ियाघर’ कहानी में प्रतीकात्मकता

**अथवा**

‘वे दूसरे’ कहानी का हेमन्त ।

(४) खितीन बाबू का जीवन संघर्ष ।

**अथवा**

‘जीवन-शक्ति’ में महानगरीय विभीषिका ।

५. सूचनानुसार कीजिए : २०

(क) सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए :

(१) इनमें से किस वर्ष में अज्ञेय का जन्म हुआ था ?

(१) १९१० (२) १९११ (३) १९१२

(२) इनमें से किस वाद के प्रवर्तन का श्रेय अज्ञेय को है ?

(१) छायावाद (२) प्रगतिवाद (३) प्रयोगवाद

(३) इनमें से कौन सा उपन्यास अज्ञेय ने जेल में लिखा था ?

(१) शेखर एक जीवनी (२) नदी के द्वीप (३) अपने अपने अजनबी

(४) इनमें से कौन सा पुरस्कार अज्ञेय को मिला था ?

(१) सरस्वती सम्मान (२) भारतीय ज्ञानपीठ (३) व्यास सम्मान

(५) इनमें से किस बंगला उपन्यास का अज्ञेय ने हिंदी में अनुवाद किया था ?

(१) गोरा (२) पथरे पांचाली (३) आनन्द मठ

(ख) एक वाक्य में उत्तर दीजिए :

(१) रेखा और हेमेन्द्र का दाम्पत्य जीवन क्यों आगे नहीं चला ?

(२) चंद्रमाधव किस अखबार में काम करता था ?

(३) भुवन ने रेखा का प्रथम प्रेम समर्पण क्यों स्वीकार नहीं किया ?

(४) गौरा ने कॉलेज में कौन सा नाटक खेला था ?

(५) रेखा अपने प्रथम शिशु को क्या बनाना चाहती थी ?

(ग) सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

(१) 'बावरा अहेरी' काव्य में कवि ने ________ को बावरा अहेरी कहा है । (चंद्र, सूर्य, तारों)

(२) 'सवेरे उठा तो धूप खिली थी' काव्य में कवि चिड़िया से ________ उधार माँगता है । (उड़ान, मिठास, मान)

(३) कस्तालिया का झरना ________ के देवताओं का तीर्थ माना जाता है । (कला, युद्ध, संतति)

(४) बिछी पैरों में नदी, ज्यों दर्द की रेखा । - पंक्ति में ________ अलंकार है । (रूपक, उत्प्रेक्षा, उपमा)

(५) ________ काव्य द्वितीय विश्वयुद्ध की घटना से प्रेरित है । (मों-मार्ग, हिरोशिमा, काले मेग्दान)

(घ) जोड़े मिलाइए :

| | |
|---|---|
| (१) जीवनशक्ति | (१) जानकी दास |
| (२) गैंग्रीन | (२) लेफ्टिनेंट सागर |
| (३) बदला | (३) बीएट्रिस |
| (४) शांति हँसी थी | (४) डॉ. महेश्वर |
| (५) जय-दोल | (५) सुरैया |

Seat No. : _______________

# XB-120

**M.A.**

**March-2013**

## HINDI (Paper VIII)

## (Surdas)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 100**

१. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । ३०

(क) हमारे निर्धन के धन राम ।

वोर न लेत, घटत, नहिं कबहूँ, आवत गाढें काम ।

जल नहिं बूडत, अगिनि न दाहत, है ऐसौ हरि नाम ।

बैकुंठनाम सकल सुखदाता, सूरदास – सुख – धाम ।

**अथवा**

बड़ी है राम नाम की ओट ।

सरन गए प्रभु काठि दैत नहिं करत कृपा कैं कोट ।

बैठत सबै सभा हरि जू की, कौन बड़ी को छोट ?

सूरदास पारस के परसै मिटति लोह की खोट ।।

(ख) हरि किलकत जसुमति की कनियाँ ।

मुख मैं तीनि लोक दिखराए, चकित भई नंद-रनियों ।

घर-घर हाथ दिखायति डोलति, बाँधति गरै बंधनियाँ ।

सूरस्याम की अद्‌भुत लीला नहिं जानत मुनजनियाँ ।।

**अथवा**

खेलत स्याम, सखा लिए संग ।

इक मारत, इक रोकत गेंदहिं, इक भागत करि नाना रंग ।

मार परसपर करत आयु मैं, अति आनंद भए मन माहिं ।

खेलत ही मैं स्याम सबनिकी, जमुना तट की लीन्हें जाहिं ।

मारि भजत को जाहि ताहिं सो, मारत लेत आपनौ दाउ ।

सूरस्याम के गुन को जानै कहत और कछु और उपाउ ।।

(ग) धन्य धन्य वृषभानु – कुमारी ।

धनि माता, धनि पिता तिहारे, तोसी जाई बारी ।

धन्य दिवस, धनि निशा तबहिं की धन्य धरी, धनि काम ।

धन्य कान्ह तैरे बस जे हैं, धनि कीन्हें बस स्याम ।

धन्य मति, धनि रति, धनि तेरौ हित, धन्य भक्ति, धनि भाउ ।

सूरस्याम पति धन्य नारि तू, धनि-धनि एक सुभाउ ।।

**अथवा**

ऊधौ इतनी कहियौ जाई ।

अति कृसगात भई ये तुम बिनु, परम मुखारी गाइ ।

जल समूह बरषहिं दोउ अँखियाँ हूँकति लीन्हैं नाउ ।

जहाँ जहाँ गो दोहन कीन्हो, सूंघतिं सोई ठाऊ ।

परति पछार खाइ छिन ही छिन, अति आतुर है दीन ।

मानहु सूर काढि डारी है, बारि मध्य तैं मीन ।।

२. सूरदास के काव्य में व्रज-संस्कृति और लोकतत्त्व को स्पष्ट कीजिए । **१५**

**अथवा**

सूरदास के ग्रंथों की प्रमाणिकता पर प्रकाश डालिए ।

३. सूर के दार्शनिक प्रतीक समझाइए । **१५**

**अथवा**

सूरदास की भक्तिभावना सविस्तार समझाइए ।

४. संक्षेप में लिखिए : (किन्हीं **दो**) **२०**

(क) अष्टछाप के कवि ।

(ख) सूर की श्रृंगारिकता ।

(ग) सूर का गीतिकाव्य ।

(घ) सूर की भाषा ।

५. सूचनानुसार कीजिए । २०

(क) **एक-एक** वाक्य में उत्तर दीजिए ।

(१) 'कृष्ण कथा की परंपरा और सूरदास का काव्य' पुस्तक के लेखक कौन हैं ? (डॉ. मैनेजर पांडेय, ड़ॉ. ब्रजेश्वर शर्मा, डॉ. नरेश)

(२) अष्टछाप के आठ कवियों में सबसे शिरमोर कौन कवि है ? (नन्ददास, सूरदास, कुंभनदास)

(३) 'सूरसागरसार सटीक' पुस्तक के सम्पादक कौन हैं ? (डॉ. धीरेन्द्र वर्मा, सूरदास, डॉ. नगेन्द्र)

(४) सूरदास हिन्दी साहित्य के क्या माने जाते हैं ? (चन्द्र, तारे-सितारे, सूर्य)

(५) सूरदास किस भाषा के प्रकाण्ड पंडित थे ? (अवधी, भोजपुरी, व्रज)

(६) सूरदास का सर्वाधिक प्रसिद्ध ग्रंथ कौन सा है ? (सूर सुषमा, सूरसागर, साहित्य लहरी)

(७) 'चौरासी वैष्णवन की वार्ता' पुस्तक के लेखक कौन हैं ? (रघुनाथ, कुंभनदास, गोकुलनाथ)

(८) सूर की भेंट वल्लभाचार्य को किस स्थल पर हुई ? (गऊघाट, काशीघाट, नर्मदा घाट)

(९) वल्लभाचार्यजी के उत्तराधिकारी कौन हुए ? (सूरदास, छित्तस्वामी, विठ्ठलनाथ)

(१०) सूरदास के कुल कितने भाई थे ? (छ, सात, आठ)

(११) सूरदास को किस कवि का वंशज माना जाता है ? (ब्रह्मभट्ट और चन्द्र, चन्दवरदाई, केशवदास)

(१२) निम्न में से कौन सा ग्रंथ सूरदास का है ? (लाडलो, बाडलो, ब्याहलो)

(१३) वल्लभ-सम्प्रदाय में 'सूरसागर' किस प्रकार का ग्रंथ माना जाता है ? (सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक)

(१४) श्रीकृष्ण की लीलाओं का मूलाधार श्रीमद्भागवत का कौन सा स्कंध है ? (अष्टम, नवम्, दशम्)

(१५) भावप्रकाश के अनुसार सूरदास का जन्मस्थान कौन सा है ? (पारसौली, दिल्ली, सीही)

(ख) जोड़े मिलाइये ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (१) | मधुकर | – | राधा |
| (२) | धेनु | – | कृष्ण |
| (३) | वृषभानु किसोरी | – | योग |
| (४) | हलधर के वीर | – | भ्रमर |
| (५) | जोग | – | गाय |

Seat No. : _______________

# XB-120

**M.A. II**

**March-2013**

## HINDI (Paper VIII) (Optional)

## (Bhartiya Sahitya)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 100**

१. भारतीय साहित्य के अध्ययन की समस्याओं पर प्रकाश डालिए । **१५**

**अथवा**

'भारतीय साहित्य में सभी भाषाओं के साहित्य का समावेश है ।' – इस कथन की समीक्षा कीजिए ।

२. 'रवीन्द्रनाथ की कविताओं में परंपरा और आधुनिकता का अद्‌भुत समन्वय मिलता है ।' – समझाइए । **१५**

**अथवा**

'प्रकृति रवीन्द्रनाथ की कविताओं की आत्मा है' – कथन को सोदाहरण समझाइए ।

३. 'घासीराम कोतवाल' में सत्ता की क्रूरता का भीषण चित्र अंकित है' – कथन की समीक्षा कीजिए । **१५**

**अथवा**

'घासीराम कोतवाल' में भारतीय रंगमंच को बखूबी देखा जा सकता है' – कथन की पुष्टि कीजिए ।

४. 'संस्कार' उपन्यास की मूल समस्या को समझाइए । **१५**

**अथवा**

प्राणेशाचार्य का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

५. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए : **२०**

(क) भारतीय साहित्य के स्रोत

**अथवा**

भारतीय अंग्रेजी साहित्य

(ख) रवीन्द्रनाथ के काव्य में रहस्यात्मकता

**अथवा**

रवीन्द्रनाथ की बाल कविताएँ

(ग) नाना की कूटनीतिज्ञता

**अथवा**

'घासीराम कोतवाल' का मानव पर्दा

(घ) 'संस्कार' की चंद्री

**अथवा**

'संस्कार' का मनोवैज्ञानिक पक्ष

६. निम्नलिखित अतिलघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **२०**

(१) 'भारतीय वाङ्मय अनेक भाषाओं में अभिव्यक्त एक ही विचार है ।' – किसका कथन है ?

(२) मातृभाषा के अलावा अंग्रेजी में लिखते हों, ऐसे किसी एक भारतीय साहित्यकार का नाम लिखिए ।

(३) मॉरिस विंटरनित्स का 'भारतीय साहित्य का इतिहास' ग्रन्थ मूलतः किस भाषा में लिखा गया है ?

(४) भारत की क्षेत्रीय भाषाओं की ओर सबसे पहले किसने ध्यान दिया ?

(५) रवीन्द्रनाथ को किस वर्ष नोबल पुरस्कार मिला ?

(६) 'अपयश' कविता किस संग्रह से ली गई है ?

(७) 'कवि कथा' नामक रवीन्द्रनाथ की जीवनी किसने लिखी है ?

(८) 'मेघदूत' कविता किसे सम्बोधित है ?

(९) 'ब्राह्मण' कविता में सत्यकाम की माँ का क्या नाम है ?

(१०) 'कृष्ण-कली' में किसके प्रति संवेदना प्रकट की गई है ?

(११) घासीराम कहाँ का रहनेवाला था ?

(१२) 'घासीराम कोतवाल' किस भाषा की रचना है ?

(१३) घासीराम की लड़की का नाम क्या था ?

(१४) घासीराम के पिता का क्या नाम था ?

(१५) 'घासीराम कोतवाल' का हिन्दी अनुवाद किसने किया ?

(१६) 'संस्कार' उपन्यास में किस गाँव को आधार बनाया गया है ?

(१७) प्राणेशाचार्य के बाल सखा का नाम क्या है ?

(१८) नारणप्पा की मृत्यु का समाचार प्राणेशाचार्य को कौन देता है ?

(१९) जेल में कितने ब्राह्मण मर जाते हैं ?

(२०) दक्षिणी ब्राह्मणों की मृत्यु की तहकीकात कौन करता है ?